जयपुर मैराथन में राजस्थान पुलिस अकादमी के प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षुओं ने दिखाया दमखम

जयपुर को दुनिया का सबसे सुन्दर शहर बनाने के सपने तथा **''ग्रीन जयपुर, स्वस्थ जयपुर''** की थीम पर दिनांक 05.02.2017 को आयोजित की गई ''जयपुर मैराथन'' में राजस्थान पुलिस अकादमी के प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षुओं ने दमखम दिखाते हुए एक स्वर्ण सहित कुल तीन पदक जीत कर अपनी क्षमताओं का शानदार प्रदर्षन किया। इन्टरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलैटिक्स फेडरेशन (आईएएएफ), एसोसिएशन ऑफ इन्टरनेशनल मैराथन एण्ड डिस्टेन्स रेसेज (एआईएमडीआर) द्वारा प्रमाणित मार्ग तथा अन्य संस्थानों द्वारा आयोजित इस मैराथन में पूरे भारत तथा 20 देशों के हजारों धावकों ने भाग लिया। राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत की प्रेरणास्वरुप अकादमी के प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षुओं ने भी भाग लिया।

स्वर्ण पदक के साथ जितेन्द्र कुमार, आर.पी.ए. प्रशिक्षक (मध्य में)

दिनांक 06.02.2017 को आयोजकों द्वारा विभिन्न आयु वर्गो के घोषित परिणामों के अनुसार इस मैराथन में 45 से 55 वर्ष आयु वर्ग (पुरुष) में श्री जितेन्द्र कुमार, आर.पी.ए. प्रशिक्षक ने शानदार प्रदर्षन करते हुए 1 घण्टा 35 मिनट 29 सैकेण्ड के समय में हॉफ मैराथन (21.097 किमी.) पूरी करते हुए **प्रथम् स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।**

इसी प्रकार 18 से 25 आयु वर्ग (महिला) में अकादमी की प्रशिक्षु आरक्षी रीनू जाट ने 1 घण्टा 50 मिनट 5 सैकेण्ड के समय में हॉफ मैराथन पूरी कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता। 26 से 35 आयु वर्ग (महिला) में अकादमी की प्रशिक्षु आरक्षी कुषमा कंवर ने 1 घण्टा 49 मिनट 33 सैकेण्ड के समय में हॉफ मैराथन पूरी कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता तथा अकादमी द्वारा दिए गए सघन प्रशिक्षण की सार्थकता का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया।

रीनू जाट

कुषमा कंवर

राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत ने सभी पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उन्हे अपने प्रदर्शन को और बेहतर करने का मार्गदर्शन दिया तथा मैराथन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को निराश न होने तथा भविष्य में इस प्रकार के आयोजनों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने विजेताओं को प्रशंसा–पत्र मय नकद पुरस्कार देने की भी घोषणा की।